आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 29.07.2025 समय : 0705

<><><><><><><>

- अंडमान निकोबार द्वीपसमूह में निपुण भारत के अनुरूप फाउंडेशनल लिटरेसी एंड न्यूमेरसी–एफ एल एन मिशन शुरू किया गया है।
- सांसद बिष्णु पद रे ने प्रशासन से वंडूर समुद्र तट को फिर से खोलने के लिए तत्काल कार्रवाई करने का अनुरोध किया है।
- पशुपालन एवं पशु चिकित्सा सेवा विभाग की ओर कदमतला में चारा उत्पादन पर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
- कैम्पबेल बे में सहायक आयुक्त कार्यालय की ओर से कल एसी कप फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार द्वीपसमूह में निपुण भारत के अनुरूप फाउंडेशनल लिटरेसी एंड न्यूमेरसी–एफ एल एन मिशन शुरू किया गया है। निपुण भारत मिशन को भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय द्वारा पांच जुलाई दो हजार इक्कीस को समग्र शिक्षा के तहत शुरू किया गया था। इस मिशन का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि भारत का प्रत्येक बच्चा दो हजार छब्बीस–सत्ताईस तक कक्षा तीन के अंत तक आधारभूत साक्षरता और संख्यात्मकता प्राप्त कर ले। निपुण भारत मिशन के उद्देश्यों को ध्यान में रखते हुए, द्वीपसमूह में कई पहल शुरू की गई हैं। इसमें जादुई पिटारा– एक खेल–आधारित शिक्षण सामग्री, विद्या प्रवेश, प्रधानाध्यपकों और शिक्षकों का क्षमता निर्माण, अंकुरण, प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल और शिक्षा, नामांकन अभियान, बैगलेस डे, डिजिटल एकीकरण, बाला विशेषता, समावेशी शिक्षा और नवचेतना पहल शामिल है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत कुल अड़तीस सी आर सी से एक सौ चार नोडल शिक्षकों को प्रशिक्षित किया गया।

<><><><><><><>

राष्ट्रीय शिक्षा नीति दो हजार बीस के आज पांच वर्ष पूरे हो रहे हैं। राष्ट्रीय शिक्षा नीति भारत के विद्यालयों को ज्ञान प्राप्त करने के ऐसे स्थानों में बदलने की महत्वाकांक्षी योजना है, जहां शिक्षा केवल पाठ्यपुस्तकों, अंकों या रटने तक सीमित न रहे। पिछले पांच वर्ष में इस नीति ने भारत में अधिक समावेशी, शिक्षार्थी–केंद्रित और भविष्य अनुरूप शिक्षा प्रणाली की नींव रखी है।

<><><><><><><>

भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड ने नेशनल स्टॉक एक्सचेंज—एन एस ई के सहयोग से राष्ट्रव्यापी निवेशक जागरुकता अभियान शुरू किया है। बढ़ती वित्तीय धोखाधड़ी से निवेशकों की सुरक्षा के लिए सेबी बनाम स्कैम अभियान शुरू किया गया है। यह अभियान ऐसे समय शुरू किया गया है, जब डिजिटल वित्तीय धोखाधड़ी बढ़ रही है और फर्जी ट्रेडिंग एप से लेकर डीप फेक वीडियो और भ्रामक स्टॉक टिप्स जैसे घोटाले बढ़ रहे हैं। इस अभियान का उद्देश्य जनता को सुरक्षित निवेश परिपाटियों के बारे में शिक्षित करना है। इस अभियान के दौरान अनेक भाषाओं में देशभर के लोगों तक पहुंचने के लिए टेलिविजन, रेडियो, प्रिंट, डिजिटल और सोशल मीडिया का उपयोग किया जाएगा। एन एस ई ऑफलाइन, ऑनलाइन और हाइब्रिड प्रारूप में सेबी के मार्ग दर्शन के तहत निवेशक जागरुकता कार्यक्रम भी आयोजित करेगा।

<><><><><><><>

द्वीपों के सांसद बिष्णु पद रे ने प्रशासन से वंडूर समुद्र तट को फिर से खोलने के लिए तत्काल कार्रवाई करने का अनुरोध किया है। सांसद ने मुख्य सचिव को लिखे अपने पत्र में कहा कि द्वीपसमूह के लोकप्रिय पर्यटन स्थलों में से एक, वंडूर समुद्र तट, मगरमच्छ के हमले की घटना के बाद दो हजार सत्रह से बंद है। सांसद ने कहा कि यहां पर वन या पर्यटन विभागों द्वारा कोई स्थायी सुरक्षा ढाँचा या निवारक तंत्र स्थापित नहीं किया गया है, न ही इसके समाधान के लिए कोई वैकल्पिक व्यवस्था की गई है। उन्होंने वन, पर्यटन और स्थानीय हितधारकों के परामर्श से वंडूर समुद्र तट की स्थिति की पुनः जाँच, आपातकालीन प्रतिक्रिया प्रोटोकॉल सहित व्यापक सुरक्षा उपाय लागू करने, विनियमित पर्यटन और तैराकी गतिविधियों के लिए समुद्र तट को फिर से खोलने की मांग की है।

<><><><><><><>

पशुपालन एवं पशु चिकित्सा सेवा विभाग ने हाल ही में कदमतला स्थित पशु औषधालय में यूटी आत्मा योजना के अंतर्गत चारा उत्पादन पर दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य किसानों को सतत चारा उत्पादन के लिए जानकारी प्रदान कर पशुधन उत्पादकता को बढ़ाना था। इस अवसर पर कदमतला पंचायत प्रधान ने पशु पोषण में सुधार और ग्रामीण आजीविका को बढ़ावा देने के लिए चारा उत्पादन के महत्व पर अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम में उच्च उपज वाली चारा फसलों की खेती के लिए व्यावहारिक तकनीकों पर ध्यान केंद्रित किया गया, जिसमें मिट्टी की तैयारी, बीज चयन,

सिंचाई और फसल प्रबंधन पर जोर दिया गया। प्रतिभागियों को दुग्ध उत्पादन, पशु स्वास्थ्य और समग्र कृषि उत्पादकता बढ़ाने में गुणवत्तापूर्ण चारे की भूमिका के बारे में जानकारी दी गई। वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी ने किसानों को चारा भूखंड स्थापित करने और उन्हें अपनी कृषि प्रणालियों में एकीकृत करने की प्रक्रिया के बारे में बताया। प्रशिक्षण में यूटी आत्मा योजना के लाभों पर भी प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. नज़राना सेन गुप्ता ने किया।

<><><><><><><>

वन महोत्सव के अंतर्गत विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग ने कल अपने कार्यालय परिसर में एक फलदार पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी निदेशक मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। निदेशक ने वन महोत्सव के महत्व पर जानकारी देते हुए इसकी ऐतिहासिक जड़ों, उद्देश्यों और पारिस्थितिक संतुलन बनाए रखने में वृक्षों की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। विभाग के सभी कर्मचारियों ने कार्यक्रम में भाग लिया और हरित पहल में योगदान दिया।

<><><><><><><>

द्वीपसमूह में गणेश पूजा के आयोजन के लिए कानून एवं व्यवस्था के संबंध में दक्षिण अंडमान ज़िला उपायुक्त की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की जाएगी। यह बैठक उपायुक्त कार्यालय के सम्मेलन कक्ष में इक्कतीस जुलाई को शाम पांच बजे आयोजित होगी। श्री विजयपुरम और फरारगंज तहसील की गणेश पूजा समितियों के अध्यक्षों और सचिवों से निर्धारित तिथि एवं समय पर बैठक में उपस्थित होने का अनुरोध किया गया है।

<><><><><><><>

कैम्पबेल बे के मिनी स्टेडियम में सहायक आयुक्त कार्यालय की ओर से कल एसी कप फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सहायक आयुक्त डॉ. केशव नरेंद्र सिंह मुख्य अतिथि थे। पंचायत समिति प्रमुख ई.एस. राजेश, एसडीपीओ आदित्य कुमार, कोस्ट गार्ड कमांडर, और आदिवासी परिषद के अध्यक्ष बरनाबस मंजू भी उपस्थित थे। टूर्नामेंट में कुल अट्ठारह टीमे भाग ले रही है। कल कुल तीन मैच खेले गए।

<><><><><><><>

शिक्षा एवं खेल निदेशालय और उप शिक्षा कार्यालय, विम्बर्लीगंज की ओर से 'नॉर्थ बे रोड मैराथन–2.0' का आयोजन किया गया। इस दौड़ में पुरुषों और छात्रों के लिए दस किलोमीटर तथा महिलाओं और छात्राओं के लिए पांच किलोमीटर की दौड़ शामिल थी। यह दौड़ चुन्ना भट्टा से शुरू होकर नॉर्थ बे से वापस चुन्ना भट्टा पर सम्पन्न हुई। इस अवसर पर शिक्षा एवं खेल निदेशक विक्रम सिंह मुख्य अतिथि, जबकि स्वराज द्वीप के सहायक आयुक्त सुशांत पाधा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। श्री विक्रम सिंह ने अपने संबोधन में युवा पीढ़ी से खेलों के साथ स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और नशीली दवाओं के सेवन से दूर रहने का आग्रह किया। विजेताओं को नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। मैराथन में चार सौ से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया।

<><><><><><><>

<u>समाचार पत्रों की सुर्खियां</u>

द्वीपों में आधारभूत साक्षरता और समग्र शिक्षा के साथ राष्ट्रीय शिक्षा नीति की पांचवीं वर्षगांठ मनाए जाने के समाचार को द डेली टेलीग्राम्स ने अपनी बड़ी खबर बनाते हुए सचित्र प्रकाशित किया है। साथ ही अखबार ने अटल टिंकरिंग लैब प्रभारियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन करने के समाचार को भी प्रमुखता दी है। अटल वयो अभ्युदय योजना के अंतर्गत वरिष्ठ नागरिकों के लिए राष्ट्रीय हेल्पलाइन एल्डर लाइन एक चार पांच छः सात की शुरूआत किए जाने के समाचार को द्वीप समाचार में जगह मिली है। दक्षिण अंडमान ज़िला परिषद अध्यक्ष के विकासीय परियोजनाओं का निरीक्षण करने के समाचार को द इको ऑफ इंडिया और इंफो इंडिया ने प्रमुखता से छापा है। सरकारी नौकरियों के लिए आयु सीमा चालीस वर्ष निर्धारित करने के सांसद बिष्णु पद रे की मांग के समाचार को द अंडमान एक्सप्रेस अंग्रेजी में जगह मिली है।

<><><><><><><>